## कार्यालय निर्वाचन अधिकारी
## चुनाव , गुरुद्वारा प्रबंधक समिति नानकमता
## गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब
## जिला ऊधम सिंह नगर

# अधिसूचना

No- 01 / Elections /GSNMS/2016 Dated: 27TH SEPTEMBER ,2016

मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट पिटीशन (M/S) सं0– 7064/ 2001 , हरदेव सिंह बनाम भारत गणराज्य व अन्य के रिट पिटीशन में दिनांक 08.09.2016 को दिये गये निर्णय के प्रकाश में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमता साहिब के चयन हेतु चुनाव आयोजित किया जा रहा है।

मा0 न्यायालय द्वारा निर्देश दिये गये है कि चुनाव छ; माह के भीतर संपन्न कराया जाये ।

मा0 न्यायालय के निर्देशानुसार गुरुद्वारा प्रबंध समिति नानकमता के चुनाव के लिये अधिसूचना जारी की जा रही है व चुनाव प्रकिया संचालन कराने हेतु निम्नलिखित अनुसूची का पालन यथासंभव किया जायेगा ।

1. वार्ड / हलकों की घोषणा / अधिसूचना — **28.09.2016**
2. अधिसूचित हलकों के अर्न्तगत स्थित सभी गुरुद्वारा साहिब को गुरुद्वारा नानकमता साहिब से संबद्वता/ पंजीकरण हेतु आवेदन करने के लिए नोटिस जारी किये जायेंगे। केवल वही गुरुद्वारा साहिब पंजीकरण के लिये आवेदन कर सकेगा जो **अनुलग्नक – अ** में उल्लिख्ति शर्तो को पूरा करेगा। पूर्व में पजीकृत गुरुद्वारा साहिब को भी पंजीकरण हेतु नये सिरे से पुनः आवेदन करना होगा चकि पूर्व में पजीकृत गुरुद्वारों का पूर्ण व सही रिकार्ड गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में उपलब्ध नही है। इस अधिसूचना का **अनुलग्नक– ब** पंजीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र है। — **26.10.2016 तक**
3. **अंतिम तिथि** – उचित व पूर्ण रुप से भरा हुआ पंजीकरण आवेदन पत्र 10 रुपये के पोस्टल आर्डर जो गुरुद्वारा प्रबंध समिति नानकमता के पक्ष में देय हो के साथ चुनाव अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 26.10.2016 तक पहुंचना आवश्यक है। **— 26.10.2016**

